तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15.01.2019	वकील अपीलाण्ट अनुपस्थित। अपीलाण्ट अनुपस्थित। प्रकरण वर्ष 2009 से विचाराधीन है, जिसमें अपीलाण्ट को रेस्पोडेन्ट संख्या 2 की तलबी हेतु पी0एफ0 सम्मन प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त समय प्रदान किए जाने के बावजूद उनके द्वारा रेस्पोडेन्ट संख्या 2 की तलबी हेतु पी0एफ0 सम्मन भर कर प्रस्तुत नहीं किए है। इसके अतिरिक्त अपीलाण्ट एवं उनकी ओर से नियुक्त अधिवक्ता आज प्रकरण में पैरवी हेतु उपस्थित भी नहीं हुए है। अतः अपीलाण्ट एवं उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता को प्रकरण में पैरवी हेतु न्यायालय समय में बार–बार आवाजें लगवाई गई, किन्तु वे असालतन अथवा वकालतन पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा अपीलाण्ट द्वारा प्रस्तुत अपील सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के आदेश 41 नियम 17 के तहत अदम पैरवी अदम हाजरी में खारिज़ की जाती है। राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली कैम्प जालोर	